प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 25 जनवरी, 2014

- गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष का संदेश

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुभकामनाएॅ देते हुए विधान सभा अध्यक्ष माननीय श्री गौरीशंकर अग्रवाल ने राज्य की जनता को प्रेषित अपने संदेश में कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा महान राष्ट्रीय पर्व है। संविधान के सृजन से ही देश की आजादी का मूल लक्ष्य हमने हासिल किया।

इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि हमारे राष्ट्रीय पर्व हमें अवसर देते हैं कि आत्म अवलोकन करें कि हम अपने राष्ट्रीय दायित्वों के पूर्ति हेतु कितने सजग है? कितने सचेत है? राष्ट्र के निर्माण और विकास में हमारी कितनी सहभागिता रही? जन शक्ति ही लोकतंत्र का प्राण तत्व है इसलिए हर नागरिक में दायित्व बोध का होना ही उस राष्ट्र समुन्नति के पथ को सुनिश्चित करता है।

श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर आव्हान किया कि हम देश की सामाजिक समरसता को कायम रखते हुए सु दृढ़, सशक्त, भारत के निर्माण में अपना अधिकतम योगदान देने का संकल्प ले।